# राष्ट्रपति द्वारा
# प्रख्यापित अध्यादेश

## 1950–2014

लोक सभा सचिवालय
नई दिल्ली
2015

*संकलन:*
संदर्भ प्रभाग
संसद ग्रंथालय तथा संदर्भ, शोध,
प्रलेखन और सूचना सेवा (लार्डिस),
लोक सभा सचिवालय
नई दिल्ली।

पांचवां संशोधित संस्करण, 2015
चौथा संशोधित संस्करण, 2010
तीसरा संस्करण, 1996
दूसरा संस्करण, 1990
पहला संस्करण, 1985

*मूल्य:* 150 रुपए

© 2015 लोक सभा सचिवालय
लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम (पंद्रहवां संस्करण) के नियम 382 के अंतर्गत प्रकाशित और महाप्रबंधक, भारत सरकार मुद्रणालय, मिंटो रोड, नई दिल्ली द्वारा मुद्रित।

## आमुख

भारत के संविधान के अनुच्छेद 123 में यह उपबंध है कि उस समय को छोड़कर जब संसद के दोनों सदन सत्र में हैं, यदि राष्ट्रपति का यह समाधान हो जाता है कि विद्यमान परिस्थितियों में तुरंत कार्रवाई करना आवश्यक है, तो वह समय-समय पर ऐसे अध्यादेश प्रख्यापित कर सकता है जिनमें संसद के अधिनियम जैसा बल और प्रभाव हो। तदनुसार, संविधान के प्रवृत्त होने के बाद से और दिसंबर, 2014 तक भारत के राष्ट्रपति द्वारा 679 अध्यादेश प्रख्यापित किए गए हैं।

राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित अध्यादेश, 1950-2014 नामक इस प्रकाशन में राष्ट्रपति द्वारा आज तक प्रख्यापित अध्यादेशों के बारे में सुसंगत आंकड़े व जानकारी दी गई है। अन्य बातों के साथ-साथ, इसमें संसद के सत्रों के प्रारम्भ होने और समाप्त होने की तारीखों, संसद के सदनों के सभापटलों पर अध्यादेशों के रखे जाने की तारीखों और अध्यादेशों का स्थान लेने वाले विधेयकों पर राष्ट्रपति की अनुमति की तारीखों का उल्लेख है।

आशा है कि यह प्रकाशन संसद सदस्यों, शिक्षा क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों, शोधार्थियों और अन्यों के लिए उपयोगी संदर्भ स्रोत सिद्ध होगा।

**नई दिल्ली;**
नवम्बर, 2015

**अनूप मिश्र**
**महासचिव**
**लोक सभा**

## प्रस्तावना

संविधान के अनुच्छेद 123 के अंतर्गत, भारत के राष्ट्रपति को, जब संसद के दोनों सदन सत्र में न हों, अध्यादेश प्रख्यापित करने की शक्ति प्राप्त है। इस अनुच्छेद में कहा गया है:—

''123. (1) उस समय को छोड़कर जब संसद के दोनों सदन सत्र में हैं, यदि किसी समय राष्ट्रपति का यह समाधान हो जाता है कि ऐसी परिस्थितियां विद्यमान हैं जिनके कारण तुरंत कार्रवाई करना उसके लिए आवश्यक हो गया है तो वह ऐसे अध्यादेश प्रख्यापित कर सकेगा जो उसे उन परिस्थितियों में अपेक्षित प्रतीत हों।

(2) इस अनुच्छेद के अधीन प्रख्यापित अध्यादेश का वही बल और प्रभाव होगा जो संसद के अधिनियम का होता है, किन्तु प्रत्येक ऐसा अध्यादेश—

(क) संसद के दोनों सदनों के समक्ष रखा जाएगा और संसद के पुन: समवेत होने से छह सप्ताह की समाप्ति पर या यदि उस अवधि की समाप्ति से पहले दोनों सदन उसके अनुमोदन का संकल्प पारित कर देते हैं, तो, इनमें से दूसरे संकल्प के पारित होने पर प्रवर्तन में नहीं रहेगा; और

(ख) राष्ट्रपति द्वारा किसी भी समय वापस लिया जा सकेगा।

***स्पष्टीकरण***—जहां संसद के सदन, भिन्न-भिन्न तारीखों को पुन: समवेत होने के लिए, आहूत किए जाते हैं, वहां इस खंड के प्रयोजनों के लिए छह सप्ताह की अवधि की गणना उन तारीखों में से पश्चात्वर्ती तारीख से की जाएगी।

(3) यदि और जहां तक इस अनुच्छेद के अधीन अध्यादेश कोई ऐसा उपबंध करता है जिसे अधिनियमित करने के लिए संसद इस संविधान के अधीन सक्षम नहीं है तो और वहां तक वह अध्यादेश शून्य होगा।''

भारत के राष्ट्रपति द्वारा अध्यादेश प्रख्यापित करने की शक्ति का संवैधानिक इतिहास इण्डियन काउंसिल एक्ट, 1861 से मिलता है। इस अधिनियम के अंतर्गत, गवर्नर-जनरल आपात दशा में अध्यादेश प्रख्यापित कर सकता था जो अधिक से अधिक छह महीने तक लागू रह सकते थे। गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1935 में गवर्नर-जनरल द्वारा स्वविवेक अथवा स्व-निर्णय की शक्ति का प्रयोग करते हुए अध्यादेश प्रख्यापित करने का उपबंध था। तथापि, कतिपय मामलों में इसके लिए गवर्नर-जनरल को क्राउन से पूर्वानुमति लेनी आवश्यक थी। गवर्नर-जनरल को तब भी, जबकि विधायिका सत्राधीन हो, अध्यादेश जारी करने की शक्ति प्राप्त थी। कोई अध्यादेश अधिक से अधिक छह महीने तक प्रभावी रह सकता था तथा पश्चात्वर्ती अध्यादेश के द्वारा इसे छह महीने से अनधिक अवधि तक और आगे बढ़ाया जा सकता था। अध्यादेश के प्रचालन की अवधि के निबंधन को भारत और बर्मा (आपात उपबंध) अधिनियम, 1940 द्वारा हटा दिया गया। उक्त उपबंध 1 अप्रैल, 1946 के भारत और बर्मा (आपात समाप्ति) आदेश बना रहा। 1935 के एक्ट के अंतर्गत, क्राउन को अध्यादेश नामंजूर करने का अधिकार था। तथापि, भारत (अंतरिम संविधान) आदेश, 1947 द्वारा इस उपबंध का लोप कर दिया गया।

संविधान के प्रवृत्त होने के पश्चात् अध्यादेश जारी करने की प्रथा का अध्ययन करने से पता चलता है कि भारत के राष्ट्रपति ने स्वयं को प्राप्त इस संवैधानिक शक्ति का प्रयोग तब किया है जब संसद के दोनों सदन सत्र में नहीं थे अथवा दोनों में से किसी एक सदन का सत्रावसान हो चुका था। बाद वाली स्थिति में, त्रावणकोर-कोचीन विनियोग (लेखानुदान) अध्यादेश, 1956 से आरम्भ करते हुए कुछ उदाहरण देखने में आते हैं, जब लोक सभा सत्र में थी। तथापि, बहुधा परम्परा अध्यादेश तब प्रख्यापित करने की रही है जब संसद के दोनों सदन सत्र में न हों। यदि कोई अध्यादेश सत्रावसान के आदेश की अधिसूचना जारी होने के पूर्व प्रख्यापित हो तो वह शून्य हो जाएगा।

अनुच्छेद 123 के अंतर्गत, राष्ट्रपति अध्यादेश प्रख्यापित करने की अपनी विधायी शक्तियों का प्रयोग मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से कर सकेगा। राष्ट्रपति का समाधान हो जाना, अनुच्छेद 123 के खंड (1) के अंतर्गत इस शक्ति के प्रयोग की एक पूर्व-शर्त है। तथापि, *कूपर्स* बनाम *भारत संघ मामला,* 1970 में उच्चतम न्यायालय ने माना कि कोई पीड़ित व्यक्ति उक्त शक्ति के प्रयोग को इस आधार पर चुनौती दे सकता है कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के हिसाब से ऐसे किसी वास्तविक समाधान की बात नहीं मानी जा सकती, अर्थात् दूसरे शब्दों में यह कहा जाए कि राष्ट्रपति या राज्यपाल का कृत्य असद्भावी था। तथापि, इसी मामले में न्यायालय ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति के समाधान का औचित्य स्थापित करना कठिन है। अत:, न्यायाधीशों के बहुमत ने इस प्रश्न पर कोई अंतिम राय व्यक्त करना अनावश्यक समझा था। बाद में, भारत सरकार ने संविधान (अड़तीसवां संशोधन) अधिनियम, 1975 बनाकर (अनुच्छेद 123 में खंड 4 अंत:स्थापित करते हुए) स्पष्टत: यह उपबंध किया कि

राष्ट्रपति (अथवा राज्यपाल) के समाधान पर किसी भी न्यायालय में किसी भी आधार पर प्रश्न नहीं किया जा सकेगा। संविधान (चवालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1978 द्वारा इस खंड का लोप कर दिया गया।

अत:, वर्तमान स्थिति के अनुसार, जबकि अध्यादेश जारी करने के लिए आवश्यक परिस्थितियों की विद्यमानता को लेकर न्यायालय द्वारा राष्ट्रपति या राज्यपाल के समाधान के बारे में जांच नहीं की जा सकती, तथापि, न्यायालय इस बात की जांच कर सकता है कि क्या राष्ट्रपति या राज्यपाल ने अपनी संवैधानिक शक्तियों का प्रयोग करते समय संविधान द्वारा अधिरोपित सीमाओं का अतिक्रमण किया है अथवा नहीं।

राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित अध्यादेश की वैधता लोक सभा अध्यक्ष के विनिर्णय से विनिश्चित नहीं की जा सकती और न ही अध्यादेश के प्रख्यापन के मामलों में राष्ट्रपति का विवेकाधिकार सभा, अर्थात् संसद द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। उदाहरणार्थ 19 दिसम्बर, 1953 को अध्यक्ष (श्री जी॰वी॰ मावलंकर) ने यह विनिर्णय दिया कि सरकार की, जब वह चाहे, अध्यादेश जारी करने की संवैधानिक शक्ति को चुनौती नहीं दी जा सकती, यद्यपि यह वांछनीय है कि उसका कम प्रयोग किया जाए। उन्होंने यह विचार व्यक्त किया कि:—

> ''.....यह राष्ट्रपति के विवेकाधिकार में है और इस पर इस सभा द्वारा कोई नियंत्रण नहीं किया जा सकता।''

लोक सभा अध्यक्ष ने कई बार, सरकार द्वारा अन्त:सत्रावधि के दौरान, विशेषकर संसद सत्र के एकदम पहले अध्यादेश प्रख्यापित किए जाने की कार्यवाही को गलत बताया है। जनवरी, 1947 में, तत्कालीन अध्यक्ष (श्री जी॰वी॰ मावलंकर) ने अध्यादेश जारी करने के संबंध में यह टिप्पणी की कि:—

> ''कार्यपालिका के लिए यह परिपाटी स्पष्ट रूप से गलत थी कि वह केवल समयाभाव के कारण अध्यादेश का प्रख्यापन करे। इस शक्ति का प्रयोग केवल उस समय किया जाना चाहिए, जब कोई आपातकालीन स्थिति हो और विधान मण्डल की बैठक न हो सकती हो। समयाभाव के कारण अध्यादेश प्रख्यापित करने का तरीका वांछनीय नहीं, क्योंकि हो सकता है कि कहीं असुविधाजनक कानूनों को भी अध्यादेश के माध्यम से प्रख्यापित कर दिया जाए।''

अध्यादेशों के प्रख्यापन के प्रश्न पर अध्यक्ष, श्री जी॰वी॰ मावलंकर तथा प्रधानमंत्री, श्री जवाहरलाल नेहरू के बीच पत्र व्यवहार भी हुआ था। इस विषय के संबंध में अध्यक्ष, श्री जी॰वी॰ मावलंकर के पत्र के उत्तर में प्रधानमंत्री ने 13 दिसम्बर, 1950 को लिखा:—

> ''मैं समझता हूं कि मेरे सभी सहयोगी आपसे इस बात से सहमत होंगे कि अध्यादेशों का जारी किया जाना वांछनीय नहीं है और अध्यादेश तभी जारी किए जाने चाहिएं जब विशेष और अविलम्बनीय अवसरों पर ऐसा करना आवश्यक हो जाए। ऐसा अवसर कब उत्पन्न होता है और कब नहीं, यह विषय अपनी-अपनी सोच का है। न केवल किसी राज्य की सरकार बल्कि संसद के गैर-सरकारी सदस्य बराबर इस बात पर जोर देते रहे हैं कि नया कानून पास किया जाए। संसद की प्रक्रिया समुचित है और विचार तथा वाद-विवाद के पूरे अवसर प्राप्त होते हैं। इस बात का भी अवसर मिलता है कि गलतियों को रोका जा सके। यह बात स्पष्टतया वांछनीय है, परन्तु इस सारी प्रक्रिया में काफी समय लगता है। परिणाम यह होता है कि महत्वपूर्ण विधान रुक जाता है। संसार की प्रत्येक संसद को इस कठिन समस्या का सामना करना पड़ा है और इस कठिनाई को दूर करने के लिए कई सुझाव दिए गए हैं।''

दिनांक 22 फरवरी, 1952 को जब एक सदस्य ने एक अध्यादेश, जो कि वस्तुत: एक धन विधेयक था, के प्रख्यापन की वांछनीयता के बारे में पूछा तो, अध्यक्ष (श्री जी॰वी॰ मावलंकर) ने यह टिप्पणी की कि: ''मैं स्वयं अध्यादेशों के प्रख्यापन को पसंद नहीं करता हूं। अध्यादेश केवल तब जारी किया जाना चाहिए जब उसके सिवाय कोई और चारा न हो। सामान्यतया कोई अध्यादेश जारी नहीं किया जाना चाहिए।''

अध्यक्ष, श्री मावलंकर ने 17 जुलाई, 1954 के अपने पत्र में प्रधानमंत्री का ध्यान इस ओर पुन: आकृष्ट करते हुए कहा कि:—

> ''.....पहली लोक सभा होने के नाते परम्परायें स्थापित करने की जिम्मेदारी हम पर आती है। प्रश्न सरकार के मौजूदा सदस्यों का नहीं है बल्कि परम्पराओं का है। यदि परिपाटी बनाकर हम अध्यादेश का प्रख्यापन केवल उन दशाओं तक सीमित नहीं कर सकते, जबकि अध्यादेश का जारी करना बहुत आवश्यक और अविलम्बनीय हो, तो उसका परिणाम यह भी हो सकता है कि भविष्य में सरकार अध्यादेश ही जारी करती जाये और लोक सभा के सामने सिवाय इसके कोई चारा न रहे कि वह अध्यादेश को स्वीकार करती जाये।''

श्री मावलंकर के पत्र के उत्तर में प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू ने दिनांक 19 जुलाई, 1954 को, अन्य बातों के साथ-साथ यह लिखा कि:—

> ''हम अध्यादेश जारी करने में हिचकिचाते रहे हैं और हमने अध्यादेश तभी जारी किए हैं, जब परिस्थितियों ने हमें ऐसा करने पर विवश कर दिया है। आप इस बात को तो स्वीकार करेंगे कि यह फैसला करना सरकार की जिम्मेदारी है कि किसी विशेष आकस्मिक परिस्थिति में क्या कदम उठाया जाना चाहिए। संविधान में ही इस बात का भी उपबंध किया गया है कि जब आवश्यकता हो तो अध्यादेश जारी किया जाए। इस संबंध में सरकार को अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करना पड़ता है। विगत में हमने बहुत कम अध्यादेश जारी किए हैं और प्रत्येक अध्यादेश के संबंध में हमने संसद को बताया है कि वह किन कारणों से जारी करना पड़ा है।

मुझे स्वयं समझ में नहीं आता कि अध्यादेश जारी करना अलोकतांत्रिक क्यों समझा जाना चाहिए। इसमें संदेह नहीं कि किसी भी अन्य शक्ति की तरह इस शक्ति का भी दुरुपयोग हो सकता है और इस बात का फैसला अन्ततोगत्वा संसद को करना है कि इस शक्ति का प्रयोग उचित ढंग से किया गया है.....।''

16 नवम्बर, 1971 को तत्कालीन अध्यक्ष (डॉ॰ जी॰एस॰ ढिल्लों) ने श्री मावलंकर तथा पंडित नेहरू के समय में किए गए पूर्व निर्णयों का उद्धरण देते हुए पांचवीं लोक सभा की अवधि में अन्त:सत्रावधि के दौरान सरकार द्वारा बड़ी संख्या में अध्यादेश जारी करने की कार्यवाही को नापसंद किया और यह टिप्पणी की कि:—

''मैं चाहता हूं कि सरकार को इस पर विचार करना चाहिए कि क्या वास्तव में ऐसी कोई आपातस्थिति अथवा अविलम्बनीय स्थिति आ पड़ी है जिसके लिए अध्यादेश जारी करना उचित है।''

जब 22 नवम्बर, 1971 को कुछ सदस्यों ने यह मामला फिर उठाया तो अध्यक्ष ने टिप्पणी की:—

''मैं बस यही कह सकता हूं कि मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि ठीक उस समय जब सभा का सत्रारंभ होने ही वाला हो, अध्यादेश जारी किया जाए।''

पुन: 13 नवम्बर, 1973 को अध्यक्ष ने टिप्पणी की कि:—

''अध्यादेश जारी करना स्वयं में अच्छी बात नहीं है, विशेष रूप से तब जबकि तारीख (सभा के सत्र हेतु) बिल्कुल स्पष्ट है। तारीख न केवल स्पष्ट है बल्कि निकट भी है। ऐसी स्थितियों में, जब तक बहुत खास कारण न हों, अध्यादेश जारी नहीं किए जाने चाहिएं। मैंने 22 नवम्बर, 1971 को यह विनिर्णय दिया था—और मेरे पूर्ववर्ती अध्यक्षों ने भी यही विनिर्णय दिया था।''

11 नवम्बर, 1974 को जब निर्माण और आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री ने पिछली अन्त:सत्रावधि के दौरान राष्ट्रपति द्वारा जारी अध्यादेश की प्रतियां सभा पटल पर रखीं, तो कई सदस्यों ने इस संबंध में अपने विचार प्रकट किए और सरकार द्वारा अध्यादेश जारी किये जाने की आलोचना की। सदस्यों ने इस संबंध में अध्यक्ष से विनिर्णय की मांग की। इस पर अध्यक्ष (डॉ॰ जी॰एस॰ ढिल्लों) ने टिप्पणी की कि:—

''मैं पहले ही कह चुका हूं जहां सामान्य कानून से प्रयोजन सिद्ध हो जाता हो वहां इसकी (अध्यादेश जारी करने की) क्या जरूरत है। अध्यादेश के मामले पर केवल मेरे ही नहीं बल्कि मेरे पूर्ववर्ती अध्यक्षों के भी यही विचार हैं..... मैं केवल उन्हें दोहरा रहा हूं और उसके अलावा परिस्थिति के अनुसार मैंने इसमें अपनी ओर से कुछ कहा है। मैं उन विभिन्न टिप्पणियों का समर्थन करता हूं।''

17 नवम्बर, 1980 को जब संसदीय कार्य तथा निर्माण और आवास मंत्री ने पिछली अंत:सत्रावधि के दौरान राष्ट्रपति द्वारा जारी 10 अध्यादेश पटल पर रखे तो एक सदस्य ने कहा कि ये अध्यादेश संसदीय प्रणाली के लिए खतरा हैं और अध्यक्ष को इस संबंध में सरकार से अपनी नापसंदगी जाहिर करनी चाहिए। इस पर अध्यक्ष (डॉ॰ बलराम जाखड़) ने टिप्पणी की कि:—

''मेरे माननीय पूर्ववर्ती अध्यक्षों ने इस मामले पर समय-समय पर टिप्पणियां की हैं। उन्होंने संसद के सत्रारम्भ से ठीक पहले अध्यादेश जारी करने पर असहमति प्रकट की थी। मैं इस बात पर उनसे सहमत हूं।''

यद्यपि, इस प्रकार अध्यादेश जारी करने की शक्ति कानूनी रूप से अबाधित है, तथापि, देश की संसद यह सुनिश्चित करती रही है कि इस संबंध में कार्यपालिका राष्ट्रपति की शक्ति का दुरुपयोग न कर पाए। *लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमों के* नियम 71 का उद्देश्य सरकार की अध्यादेश जारी करने की शक्ति का किसी प्रकार के आपत्तिजनक उपयोग किए जाने के लिए कार्यपालिका को संसद के प्रति जवाबदेह बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति है। नियम में उपबंध है:—

''(1) जब कभी कोई विधेयक जो किसी अध्यादेश के स्थान में उसके रूपभेद सहित या उसके बिना सभा में पुर:स्थापित किया जाए तो सभा के सामने विधेयक के साथ उन परिस्थितियों को स्पष्ट करने वाला एक विवरण भी रखा जाएगा, जिनके कारण अध्यादेश द्वारा तुरन्त विधान बनाना आवश्यक हो गया था।

(2) जब कोई ऐसा अध्यादेश प्रख्यापित किया जाए, जिसमें सभा के सामने लंबित किसी विधेयक के उपबंध पूर्णत: या अंशत: या रूपभेद सहित समाविष्ट हों तो उन परिस्थितियों को स्पष्ट करने वाला एक विवरण, जिनके कारण अध्यादेश द्वारा तुरन्त विधान बनाना आवश्यक हो गया था, अध्यादेश को प्रख्यापित करने के बाद सत्र के प्रारम्भ में पटल पर रख दिया जाएगा।''

19 दिसम्बर, 1956 को जब लोक सभा में केन्द्रीय उत्पाद शुल्क तथा नमक (दूसरा संशोधन) विधेयक, 1956 पर वाद-विवाद चल रहा था, तो कुछ सदस्यों ने इसे संसदीय अधिकार तथा संवैधानिक औचित्य के अधिक्रमण की संज्ञा दी क्योंकि उनकी राय में उसके द्वारा कार्यपालिका को कर लगाने की शक्तियां प्रत्यायोजित करना अभिप्रेत था। इस पर अध्यक्ष (श्री जी॰वी॰ मावलंकर) ने निम्नलिखित टिप्पणी की:-

''जहां तक कराधान उपाय का सवाल है, अध्यादेश जारी करने की शक्ति का अवलंब नहीं किया जाना चाहिए। फलत:, यह अध्यादेश के स्थान पर आया है और इसे प्रभावी होना चाहिए; जब दोनों सभाओं का सत्र चल रहा हो तो इस शक्ति का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। यदि केवल एक सभा का सत्र चल रहा हो तब कोई अधिनियम पारित नहीं किया जा सकता है।''

पुन:, 22 नवम्बर, 1971 को, जब किसी सदस्य ने अतिरिक्त कराधान उपायों के संबंध में अध्यादेश जारी करने के बारे में एक प्रश्न उठाना चाहा, तो अध्यक्ष (डॉ॰ जी॰एस॰ ढिल्लों) ने निम्नलिखित टिप्पणी की:—

''आपसे अनुरोध है कि इस संबंध में, मैं बड़े ही स्पष्ट शब्दों में जो बात कह चुका हूं, आप मुझे उसे दोहराने के लिए न कहें। परन्तु यदि आपके विचार से वित्तीय कर तथा गैर-कर अध्यादेशों में कुछ फर्क होना चाहिए तो मेरी जानकारी में ऐसी कोई बात नहीं है जिसके आधार पर मैं अपना निर्णय दे सकूं।''

जैसा पहले कहा जा चुका है कि 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू होने के बाद से 31 दिसम्बर, 2014 तक कुल 679 अध्यादेश प्रख्यापित हुए हैं। किसी एक वर्ष में सबसे अधिक 34 अध्यादेश वर्ष 1993 में और 32-32 अध्यादेश 1950 और 1996 में प्रख्यापित किए गए थे। वर्ष 1997 में 31 अध्यादेश जारी किए गए। वर्ष 1963 में कोई अध्यादेश प्रख्यापित नहीं किया गया तथा 1960 और 1982 में एक-एक अध्यादेश प्रख्यापित किया गया। 1950-59 के दौरान 88 और 1960-69 के दौरान 67 अध्यादेश प्रख्यापित किए गए, जबकि अगले दशक (1970-79) में यह संख्या लगभग दो गुणा हो गई और 135 अध्यादेश प्रख्यापित किए गए तथा 1980-89 के दशक में अध्यादेशों की संख्या में पुन: कमी हुई और केवल 93 अध्यादेश प्रख्यापित किए गए। 1990 के दशक में अध्यादेशों की संख्या में पुन: वृद्धि हुई जब 196 अध्यादेश प्रख्यापित किए गए। 2000-2009 (31 दिसम्बर, 2009) के दौरान 74 अध्यादेश जारी किए गए। 2010-14 (31 दिसम्बर, 2014 तक) के दौरान 28 अध्यादेश जारी किए गए।

पिछले 64 वर्षों में प्रख्यापित कुल 679 अध्यादेशों में से 35 अध्यादेश ऐसे हैं जो अन्तरवर्ती अवधि में, अर्थात 26 जनवरी, 1950 को संविधान के प्रभावी होने के बाद, परन्तु 17 अप्रैल, 1952 को पहली लोक सभा के गठन से पूर्व की अवधि में जारी किए गए। प्रत्येक लोक सभा के कार्यकाल के दौरान जारी किए गए अध्यादेशों की संख्या में काफी अंतर है। पहली, दूसरी, तीसरी और चौथी लोक सभा के कार्यकाल के दौरान क्रमश: 37, 20, 31 और 34 अध्यादेश जारी किए गए परन्तु पांचवीं लोक सभा (1971-77) के दौरान इनसे लगभग तिगुने, अर्थात 93 अध्यादेश प्रख्यापित किए गए। तथापि, छठीं लोक सभा के दौरान, जिसका कार्यकाल केवल 2 वर्ष, 4 महीने और 28 दिनों का रहा, इनकी संख्या कम होकर 27 रह गई। सातवीं लोक सभा के दौरान यह संख्या पुन: बढ़कर 58 हो गई किन्तु आठवीं लोक सभा के दौरान फिर से कम होकर 35 रह गई। नौवीं लोक सभा के दौरान, जिसका कार्यकाल केवल 1 वर्ष, 2 महीने और 26 दिन का रहा, इनकी संख्या कम होकर 5 रह गई। दसवीं लोक सभा के दौरान यह संख्या फिर से बढ़कर 114 हो गई। ग्यारहवीं, बारहवीं, तेरहवीं और चौदहवीं लोक सभाओं के दौरान जारी किए गए अध्यादेशों की संख्या क्रमश: 33, 22, 33 और 36 थी। ग्यारहवीं लोक सभा का कार्यकाल 18 महीने का था जबकि बारहवीं लोक सभा का कार्यकाल 13 महीने का था। 26 मार्च, 2002 को संसद की एक संयुक्त बैठक में आतंकवाद निवारण अध्यादेश, 2001 का स्थान लेने वाला विधेयक पारित किया गया। पन्द्रहवीं लोक सभा (मई, 2009-मई, 2014) के दौरान, 25 अध्यादेश प्रख्यापित किए गए।

# राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित अध्यादेश

**1950—2014**

# राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित अध्यादेश

## 1950–2014

| क्र॰ सं॰ | अध्यादेश का नाम और संख्या | अध्यादेश प्रख्यापित किए जाने की तारीख | अध्यादेश की विषय-वस्तु | पिछले सत्र के समापन की तारीख | आगामी सत्र के प्रारम्भ होने की तारीख | संसद की सभाओं (लोक सभा) के समक्ष रखे जाने की तारीख | अध्यादेश के स्थान पर लाए गए विधेयक पर अनुमति की तारीख | अध्यादेश का स्थान लेने वाले/निरसित करने वाले अधिनियम का नाम और संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | | **1950** | | | | | |
| 1. | संसद (निरर्हता निवारण) अध्यादेश, 1950 (1950 का 12)[1] | 26-1-50 | भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के अधीन कतिपय लाभ के पदों को ऐसे पद घोषित करना जिन्हें धारण करने से उसका धारक संसद सदस्य चुने जाने, और बने रहने से निरर्ह नहीं होगा। | 24-12-49 | 28-1-50 | 2-2-50 | 11-3-50 | संसद (निरर्हता निवारण) अधिनियम, 1950 (1950 का 19) |
| 2. | उच्च न्यायालय (मुद्रा) अध्यादेश, 1950 (1950 का 13) | 26-1-50 | राज्यों में उच्च न्यायालयों द्वारा समान आकार-प्रकार की मुद्रा के उपयोग का उपबंध करना। | 24-12-49 | 28-1-50 | 2-2-50 | 27-2-50 | उच्च न्यायालय (मुद्रा) अधिनियम, 1950 (1950 का 7) |
| 3. | न्यायिक आयुक्त न्यायालय (उच्च न्यायालय के रूप में घोषणा) अध्यादेश, 1950 (1950 का 14) | 26-1-50 | भाग-ग के राज्यों में न्यायिक आयुक्त के न्यायालयों को संविधान के कतिपय उद्देश्यों के लिए उच्च न्यायालय घोषित करना। | 24-12-49 | 28-1-50 | 2-2-50 | 10-3-50 | न्यायिक आयुक्त न्यायालय (उच्च न्यायालय के रूप में घोषणा) अधिनियम, 1950 (1950 का 15) |
| 4. | स्वेच्छया वेतन अभ्यर्पण (करों से छूट) अध्यादेश, 1950 (1950 का 15) | 26-5-50 | कतिपय व्यक्तियों जिन्होंने अपने वेतन का कुछ भाग सार्वजनिक हित में स्वेच्छा से त्याग दिया है, को आय पर करों से छूट का उपबंध करना। | 20-4-50 | 31-7-50 | 1-8-50 | 24-8-50 | स्वेच्छया वेतन अभ्यर्पण (करों से छूट) अधिनियम, 1950 (1950 का 61) |
| 5. | दन्त चिकित्सक (समय का विस्तार) अध्यादेश, 1950 (1950 का 16) | 29-5-50 | दन्त चिकित्सक अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत कतिपय मामलों में समय-सीमा के विस्तारण और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करना। | 20-4-50 | 31-7-50 | 1-8-50 | 22-8-50 | दन्त चिकित्सक (संशोधन) अधिनियम, 1950 (1950 का 58) |
| 6. | न्यूनतम मजदूरी (समय का विस्तार) अध्यादेश, 1950 (1950 का 17) | 16-6-50 | न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 की अनुसूची के भाग-एक में विनिर्दिष्ट नियुक्तियों में न्यूनतम मजदूरी दर निर्धारित करने हेतु समय-सीमा के विस्तारण का उपबंध करना। | 20-4-50 | 31-7-50 | 1-8-50 | 22-8-50 | न्यूनतम मजदूरी (संशोधन) अधिनियम, 1950 (1950 का 56) |
| 7. | छावनी विधि (विस्तार और संशोधन) अध्यादेश, 1950 (1950 का 18) | 19-6-50 | छावनी गृह आवास अधिनियम, 1923 और छावनी अधिनियम, 1924 को भाग 'ख' राज्यों में लागू करने, वयस्क मताधिकार के आधार पर छावनी बोर्डों | 20-4-50 | 31-7-50 | 1-8-50 | 18-8-50 | छावनी विधि (विस्तार और संशोधन) अधिनियम, 1950 (1950 का 53) |

[1]इस अध्यादेश की अवधि खत्म हो गई।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | में चुनाव और छावनी बोर्डों के निर्वाचित सदस्यों के कार्यकाल को अस्थायी रूप से बढ़ाने का उपबंध करना। | | | | | |
| 8. | निवारक निरोध (संशोधन) अध्यादेश, 1950 (1950 का 19) | 23-6-50 | निवारक निरोध अधिनियम, 1950 में संशोधन करना। | 20-4-50 | 31-7-50 | 1-8-50 | 14-8-50 | निवारक निरोध (संशोधन) अधिनियम, 1950 (1950 का 50) |
| 9. | मंत्रियों का वेतन (संशोधन) अध्यादेश, 1950 (1950 का 20) | 29-6-50 | मंत्रियों का वेतन अधिनियम, 1947 में संशोधन करना। | 20-4-50 | 31-7-50 | 1-8-50 | 22-8-50 | मंत्रियों का वेतन (संशोधन) अधिनियम, 1950 (1950 का 59) |
| 10. | नौसेना (प्रकीर्ण उपबंध) अध्यादेश, 1950 (1950 का 21) | 23-7-50 | भारत की नौसेना के संबंध में कतिपय अतिरिक्त उपबंध करना ताकि उनके कर्तव्यों के समुचित निर्वहन और उनके बीच अनुशासन बनाये रखना सुनिश्चित किया जा सके। | 20-4-50 | 31-7-50 | 1-8-50 | 22-8-50 | नौसेना (प्रकीर्ण) उपबंध अधिनियम, 1950 (1950 का 57) |
| 11. | पाकिस्तान से आगमन (नियंत्रण) संशोधन अध्यादेश, 1950 (1950 का 22) | 24-7-50 | पाकिस्तान से आगमन (नियंत्रण) अधिनियम, 1949 में संशोधन करना। | 20-4-50 | 31-7-50 | 1-8-50 | 22-8-50 | पाकिस्तान से आगमन (नियंत्रण) संशोधन अधिनियम, 1950 (1950 का 55) |
| 12. | अजमेर अभिधृति और भूमि रिकार्ड (संशोधन) अध्यादेश, 1950 (1950 का 23) | 28-8-50 | अजमेर अभिधृति और भूमि रिकार्ड अधिनियम, 1950 में संशोधन करना। | 14-8-50 | 14-11-50 | 15-11-50 | 1-12-50 | अजमेर अभिधृति और भूमि रिकार्ड (संशोधन) अधिनियम, 1950 (1950 का 63) |
| 13. | एलयांज डंड स्टटगार्टर लाइफ इंश्योरेन्स बैंक (अन्तरण) अध्यादेश, 1950 (1950 का 24) | 1-9-50 | एलयांज डंड स्टटगार्टर लाइफ इन्श्योरेन्स बैंक लिमिटेड के कारबार का यूनाइटेड इंडिया लाइफ इन्श्योरेंस कंपनी में अंतरण और इससे संबंधित विषयों का उपबंध करना। | 14-8-50 | 14-11-50 | 15-11-50 | 1-12-50 | एलयांज डंड स्टटगार्टर लाइफ इंश्योरेंस बैंक (अन्तरण) अधिनियम, 1950 (1950 का 62) |
| 14. | चीनी संकट जांच प्राधिकरण अध्यादेश, 1950 (1950 का 25)[2] | 1-9-50 | जांच प्राधिकरण को कतिपय शक्तियां प्रदान करना। | 14-8-50 | 14-11-50 | 15-11-50 | -शून्य- | -शून्य- |
| 15. | माल की आपूर्ति और मूल्य अध्यादेश, 1950 (1950 का 26) | 2-9-50 | संविधान के अनुच्छेद 249 के अन्तर्गत एक संकल्प के अनुसरण में कतिपय वस्तुओं के मूल्य नियंत्रण तथा उनकी पूर्ति और वितरण का उपबंध करना। | 14-8-50 | 14-11-50 | 15-11-50 | 23-12-50 | माल की आपूर्ति और मूल्य अधिनियम, 1950 (1950 का 70) |
| 16. | निष्क्रांत संपत्ति प्रशासन (संशोधन) अध्यादेश, 1950 (1950 का 27) | 6-9-50 | निष्क्रांत संपत्ति प्रशासन अधिनियम, 1950 में संशोधन करना। | 14-8-50 | 14-11-50 | 15-11-50 | 7-12-50 | निष्क्रांत संपत्ति प्रशासन (संशोधन) अधिनियम, 1950 (1950 का 66) |
| 17. | भारतीय आयकर (संशोधन) अध्यादेश, 1950 (1950 का 28) | 7-10-50 | भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 में संशोधन करना। | 14-8-50 | 14-11-50 | 15-11-50 | 23-12-50 | भारतीय आयकर (संशोधन) अधिनियम, 1950 (1950 का 71) |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18. लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) अध्यादेश, 1950 (1950 का 29) | 17-10-50 | लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 में संशोधन करना। | 14-8-50 | 14-11-50 | 15-11-50 | 23-12-50 | लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) अधिनियम, 1950 (1950 का 73) |
| 19. भारतीय टैरिफ (संशोधन) अध्यादेश, 1950 (1950 का 30) | 21-10-50 | भारतीय टैरिफ अधिनियम, 1934 में संशोधन करना। | 14-8-50 | 14-11-50 | 15-11-50 | 20-12-50 | भारतीय टैरिफ (चौथा संशोधन) अधिनियम, 1950 (1950 का 69) |
| 20. आवश्यक पूर्ति (अस्थायी शक्तियां) संशोधन अध्यादेश, 1950 (1950 का 31) | 8-11-50 | आवश्यक पूर्ति (अस्थायी शक्तियां) अधिनियम, 1946 में संशोधन करना। | 14-8-50 | 14-11-50 | 15-11-50 | 23-12-50 | आवश्यक पूर्ति (अस्थायी शक्तियां) दूसरा संशोधन अधिनियम, 1950 (1950 का 72) |
| 21. भारतीय टैरिफ (दूसरा संशोधन) अध्यादेश, 1950 (1950 का 32) | 8-11-50 | भारतीय टैरिफ अधिनियम, 1934 में संशोधन करना। | 14-8-50 | 14-11-50 | 15-11-50 | 20-12-50 | भारतीय टैरिफ (चौथा संशोधन) अधिनियम, 1950 (1950 का 69) |

## 1951

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. आवश्यक सेवा (हड़ताल रोकना) अध्यादेश, 1951 (1951 का 1)[3] | 11-7-51 | कतिपय आवश्यक सेवाओं में हड़ताल रोकने का उपबंध करना। | 9-6-51 | 6-8-51 | 7-8-51 | -शून्य- | -शून्य- |
| 2. रेल कंपनी (आपात उपबंध) अध्यादेश, 1951 (1951 का 2) | 14-7-51 | कतिपय विशेष मामलों में रेल कंपनियों के उचित प्रबंधन और प्रशासन का उपबंध करना। | 9-6-51 | 6-8-51 | 7-8-51 | 14-9-51 | रेल कंपनी (आपात उपबंध) अधिनियम, 1951 (1951 का 51) |
| 3. भारतीय कंपनी (संशोधन) अध्यादेश, 1951 (1951 का 3) | 21-7-51 | भारतीय कंपनी अधिनियम, 1913 में संशोधन करना। | 9-6-51 | 6-8-51 | 7-8-51 | 14-9-51 | भारतीय कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 1951 (1951 का 52) |
| 4. पंजाब स्थावर संपत्ति अधिग्रहण (संशोधन और विधिमान्यकरण) अध्यादेश, 1951 (1951 का 4)[4] | 3-8-51 | पूर्वी पंजाब स्थावर संपत्ति अधिग्रहण (अस्थायी शक्तियां) अधिनियम, 1948 में संशोधन करना और कतिपय अधिग्रहणों और अर्जनों के विधिमान्यकरण का उपबंध करना। | 9-6-51 | 6-8-51 | 7-8-51 | 15-9-51 | पंजाब स्थावर संपत्ति अधिग्रहण (संशोधन और विधिमान्यकरण) अधिनियम, 1951 (1951 का 2) (राष्ट्रपति अधिनियम) |
| 5. पूर्वी पंजाब जन सुरक्षा (संशोधन) अध्यादेश, 1951 (1951 का 5)[4] | 3-8-51 | पूर्वी पंजाब जन सुरक्षा अधिनियम, 1949 में संशोधन करना। | 9-6-51 | 6-8-51 | 7-8-51 | 12-9-51 | पंजाब राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1951 (1951 का 1) (राष्ट्रपति अधिनियम) |
| 6. भारतीय स्वतंत्रता पाकिस्तान न्यायालय (लम्बित कार्यवाहियां) अध्यादेश, 1951 (1952 का 6) | 29-10-51 | पाकिस्तान में न्यायालयों द्वारा भारत की किसी सरकार के प्रति जारी कुछेक डिक्री और आदेशों को निष्प्रभावी करना और जिन व्यक्तियों को ऐसी डिक्री अथवा आदेश प्राप्त हुए हैं, उन्हें वैकल्पिक उपाय प्रदान करना। | 16-10-51 | 5-2-52 | 6-2-52 | 23-2-52 | भारतीय स्वतंत्रता पाकिस्तान न्यायालय (लम्बित कार्यवाहियां) अधिनियम, 1952 (1952 का 9) |

[2]अध्यादेश की अवधि समाप्त हो गई।

[3]अध्यादेश प्रख्यापन के समय संसद में लंबित संगत विधेयक 20-12-1951 को वापस लिया गया।

[4]1951 के अध्यादेश संख्यांक 4 तथा 5 संविधान के अनुच्छेद 213(1) के अंतर्गत जारी किए गए थे।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7. | अपहृत व्यक्ति (बरामद करना और वापस करना) संशोधन अध्यादेश, 1951 (1951 का 7) | 30-10-51 | अपहृत व्यक्ति (बरामद करना और वापस करना) अधिनियम, 1949 में संशोधन करना। | 16-10-51 | 5-2-52 | 13-2-52 | 23-2-52 | अपहृत व्यक्ति (बरामद करना और वापस करना) संशोधन अधिनियम, 1952 (1952 का 7) |
| 8. | कर्मचारी भविष्य निधि अध्यादेश, 1951 (1951 का 8) | 15-11-51 | फैक्ट्रियों और अन्य स्थापनाओं में कर्मचारियों के लिए भविष्य निधि शुरू करने का उपबंध करना। | 16-10-51 | 5-2-52 | 13-2-52 | 4-3-52 | कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 (1952 का 19) |
| 9. | औद्योगिक विवाद (संशोधन) अध्यादेश, 1951 (1951 का 19) | 5-12-51 | औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 में संशोधन करना। | 16-10-51 | 5-2-52 | 13-2-52 | 4-3-52 | औद्योगिक विवाद (संशोधन) अधिनियम, 1952 (1952 का 18) |
| 10. | विदेशी मुद्रा विनियमन (संशोधन) अध्यादेश, 1951 (1951 का 10) | 27-12-51 | विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1947 में संशोधन करना। | 16-10-51 | 5-2-52 | 13-2-52 | 23-2-52 | विदेशी मुद्रा विनियमन (संशोधन) अधिनियम, 1952 (1952 का 8) |
| | | | **1952** | | | | | |
| 1. | कोयला खान (संरक्षण और सुरक्षा) अध्यादेश, 1952 (1952 का 1) | 8-1-52 | कोयले के संरक्षण का उपबंध करना तथा कोयला खानों में सुरक्षा के और उपबंध करना। | 16-10-51 | 5-2-52 | 13-2-52 | 4-3-52 | कोयला खान (संरक्षण और सुरक्षा) अधिनियम, 1952 (1952 का 1) |
| 2. | उत्तर प्रदेश छावनी (किराया और बेदखली नियंत्रण) अध्यादेश, 1952 (1952 का 2) | 16-1-52 | उत्तर प्रदेश छावनियों में घरों के किराये नियंत्रण का उपबंध करना तथा उसमें से किरायेदारों को बेदखली से बचाना। | 16-10-51 | 5-2-52 | 13-2-52 | 27-2-52 | उत्तर प्रदेश छावनी (किराया और बेदखली नियंत्रण) अधिनियम, 1952 (1952 का 10) |
| 3. | स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण और अर्जन अध्यादेश, 1952 (1952 का 3) | 25-1-52 | संघ के लिये स्थावर सम्पत्ति के अधिग्रहण और अर्जन का उपबंध करना। | 16-10-51 | 5-2-52 | 13-2-52 | 14-3-52 | स्थावर सम्पत्ति अधिग्रहण और अर्जन अधिनियम, 1952 (1952 का 30) |
| 4. | सौराष्ट्र (स्थानीय समुद्रीय सीमा शुल्क हटाना तथा पत्तन विकास शुल्क लगाना) निरसन अध्यादेश, 1952 (1952 का 4) | 2-4-52 | सौराष्ट्र (स्थानीय समुद्रीय सीमा शुल्क हटाना तथा पत्तन विकास शुल्क लगाना) अध्यादेश, 1949 का निरसन करना। | 5-3-52 | 13-5-52 | 16-5-52 | 10-6-52 | सौराष्ट्र (स्थानीय समुद्रीय सीमा शुल्क हटाना तथा पत्तन विकास शुल्क लगाना) निरसन अधिनियम, 1952 (1952 का 39) |
| 5. | विस्थापित व्यक्ति (दावे) चालू रखना अधिनियम, 1952 (1952 का 5) | 5-5-52 | विस्थापित व्यक्ति (दावे) अधिनियम, 1950 को चालू रखना। | 5-3-52 | 13-5-52 | 16-5-52 | 10-6-52 | विस्थापित व्यक्ति (दावे) संशोधन अधिनियम, 1952 (1952 का 40) |
| 6. | पश्चिम बंगाल निष्क्रांत सम्पत्ति (त्रिपुरा संशोधन) अध्यादेश, 1952 (1952 का 6)[5] | 6-10-52 | त्रिपुरा पर यथाविस्तारित, पश्चिम बंगाल निष्क्रांत सम्पत्ति अधिनियम, 1951 में संशोधन करना। | 19-8-52 | 5-11-52 | 5-11-52 | 26-12-52 | पश्चिम बंगाल निष्क्रांत सम्पत्ति (त्रिपुरा संशोधन) अधिनियम, 1952 (1952 का 75) |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7. पाकिस्तान से आगमन (नियंत्रण) निरसन अध्यादेश, 1952 (1952 का 7)[6] | 15-10-52 | पाकिस्तान से आगमन (नियंत्रण) अधिनियम, 1949 के निरसन का उपबंध करना। | 19-8-52 | 5-11-52 | 5-11-52 | 26-12-52 | पाकिस्तान से आगमन (नियंत्रण) निरसन अधिनियम, 1952 (1952 का 76) |
| 8. लौह और इस्पात कंपनी समामेलन अध्यादेश, 1952 (1952 का 8)[7] | 29-10-52 | जनसाधारण और केंद्र सरकार के हित में, लौह और इस्पात के निर्माण और उत्पादन में परस्पर संबद्ध कतिपय कम्पनियों के समामेलन हेतु विशेष उपबंध करना। | 19-8-52 | 5-11-52 | 5-11-52 | 29-12-52 | लौह और इस्पात कंपनी समामेलन अधिनियम, 1952 (1952 का 79) |
| 9. अपहृत व्यक्ति (बरामद करना और वापस करना) संशोधन अध्यादेश, 1952 (1952 का 9)[8] | 29-10-52 | अपहृत व्यक्ति (बरामद करना और वापस करना) अधिनियम में संशोधन करना। | 19-8-52 | 5-11-52 | 5-11-52 | 26-12-52 | अपहृत व्यक्ति (बरामद करना और वापस करना) संशोधन अधिनियम, 1952 (1952 का 77) |
| | | **1953** | | | | | |
| 1. कर्मचारी भविष्य निधि (संशोधन) अध्यादेश, 1953 (1953 का 1) | 14-10-53 | कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 में संशोधन करना। | 23-9-53 | 16-11-53 | 16-11-53 | 12-12-53 | कर्मचारी भविष्य निधि (संशोधन) अधिनियम, 1953 (1953 का 37) |
| 2. पुनर्वास वित्त प्रशासन (संशोधन) अध्यादेश, 1953 (1953 का 2) | 22-10-53 | पुनर्वास वित्त प्रशासन अधिनियम, 1948 में संशोधन करना। | 23-9-53 | 16-11-53 | 16-11-53 | 10-12-53 | पुनर्वास वित्त प्रशासन (संशोधन) अधिनियम, 1953 (1953 का 36) |
| 3. सागर रूढ़ि (संशोधन) अध्यादेश, 1953 (1953 का 3) | 24-10-53 | सागर रूढ़ि अधिनियम, 1878 में संशोधन करना। | 23-9-53 | 16-11-53 | 16-11-53 | 5-12-53 | सागर रूढ़ि (संशोधन) अधिनियम, 1953 (1953 का 35) |
| 4. बैंककारी कंपनी (संशोधन) अध्यादेश, (1953 का 4)[9] | 24-10-53 | बैंककारी कंपनी अधिनियम, 1949 में संशोधन करना। | 23-9-53 | 16-11-53 | 16-11-53 | 30-12-53 | बैंककारी कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 1953 (1953 का 52) |
| 5. औद्योगिक विवाद (संशोधन) अध्यादेश, 1953 (1953 का 5) | 24-10-53 | औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 में संशोधन करना। | 23-9-53 | 16-11-53 | 16-11-53 | 23-12-53 | औद्योगिक विवाद (संशोधन) अधिनियम, 1953 (1953 का 43) |
| 6. धोती (अतिरिक्त उत्पाद शुल्क) अध्यादेश, 1953 (1953 का 6) | 26-10-53 | मिलों द्वारा निर्धारित कोटे से अधिक धोतियां पैक करने पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क के उद्ग्रहण और संग्रहण का उपबंध करना। | 23-9-53 | 16-11-53 | 16-11-53 | 16-12-53 | धोती (अतिरिक्त उत्पाद शुल्क) अधिनियम, 1953 (1953 का 39) |
| 7. बरसी लाइट रेलवे कम्पनी (अंतरित देयताएं) अध्यादेश, 1953 (1953 का 7) | 31-12-53 | बरसी लाइट रेलवे लि॰ द्वारा केन्द्र सरकार को कतिपय भुगतान करने के लिए बाध्य करना। | 23-12-53 | 15-2-54 | 15-2-54 | 26-3-54 | बरसी लाइट रेलवे कम्पनी (अंतरित देयताएं) अधिनियम, 1954 (1954 का 14) |
| | | **1954** | | | | | |
| 1. उत्तर प्रदेश रेल यात्री सीमा कर अध्यादेश, 1954 (1954 का 1)[10] | 4-1-54 | उत्तर प्रदेश में कतिपय रेलवे स्टेशनों से रेल द्वारा आने-जाने वाले यात्रियों पर अस्थायी अवधि के लिये सीमा कर लगाने का उपबंध करना। | 25-12-53 | 15-2-54 | 15-2-54 | -शून्य- | -शून्य- |

[5 से 10]अध्यादेशों की अवधि समाप्त हो गई।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2. | उत्तर प्रदेश रेल यात्री सीमा कर (संशोधन) अध्यादेश, 1954 (1954 का 2)[11] | 12-1-54 | उत्तर प्रदेश रेल यात्री सीमा कर अध्यादेश, 1954 में संशोधन करना। | 25-12-53 | 15-2-54 | 15-2-54 | -शून्य- | -शून्य- |
| 3. | विस्थापित व्यक्ति (दावे) अनुपूरक अध्यादेश, 1954 (1954 का 3) | 18-1-54 | विस्थापित व्यक्ति (दावे) अधिनियम, 1950 के अधीन लंबित कुछ कार्यवाहियों तथा उससे संबंधित विषयों के निपटान का उपबंध करना। | 25-12-53 | 15-2-54 | 15-2-54 | 18-3-54 | विस्थापित व्यक्ति (दावे) अनुपूरक अधिनियम, 1954 (1954 का 12) |
| 4. | प्रेस (आक्षेपणीय सामग्री) संशोधन अध्यादेश, 1954 (1954 का 4) | 29-1-54 | प्रेस (आक्षेपणीय सामग्री) अधिनियम, 1951 में संशोधन करना। | 25-12-53 | 15-2-54 | 15-2-54 | 25-3-54 | प्रेस (आक्षेपणीय सामग्री) संशोधन अधिनियम, 1954 (1954 का 13) |
| 5. | वायु निगम (संशोधन) अध्यादेश, 1954 (1954 का 5) | 30-1-54 | वायु निगम अधिनियम, 1953 में संशोधन करना। | 25-12-53 | 15-2-54 | 15-2-54 | 18-3-54 | वायु निगम (संशोधन) अधिनियम, 1954 (1954 का 10) |
| 6. | निष्क्रांत निक्षेपों का अंतरण अध्यादेश, 1954 (1954 का 6) | 30-1-54 | पाकिस्तान से हुए समझौते के अनुसरण में निष्क्रांत व्यक्तियों के कतिपय निक्षेपों के उस देश में अंतरण तथा भारत के विस्थापित व्यक्तियों के निक्षेपों के इसी प्रकार अंतरण तथा उससे संबंधित विषयों का उपबंध करना। | 25-12-53 | 15-2-54 | 15-2-54 | 26-3-54 | निष्क्रांत निक्षेपों का अंतरण अधिनियम, 1954 (1954 का 15) |
| 7. | औद्योगिक विवाद (बैंककारी कंपनी) विनिश्चय प्रारंभ अध्यादेश, 1954 (1954 का 7)[12] | 24-5-54 | उस अवधि के विस्तारण का उपबंध करना जिसके समाप्त होने पर अखिल भारतीय औद्योगिक अधिकरण (बैंक विवाद), बम्बई के विरुद्ध दायर की हुई अपीलों पर श्रम अपील अधिकरण का निर्णय लागू होगा। | 22-5-54 | 23-8-54 | 23-8-54 | 21-10-54 | औद्योगिक विवाद (बैंककारी कंपनी) विनिश्चय अधिनियम, 1954 (1955 का 41) |
| 8. | भारतीय आय कर (संशोधन) अध्यादेश, 1954 (1954 का 8) | 17-7-54 | एक निश्चित अवधि के दौरान काफी हद तक कर संदाय का अपवंचन करने वाले व्यक्तियों के कर निर्धारण या पुनर्निर्धारण हेतु भारतीय आय कर अधिनियम, 1922 में संशोधन करना। | 22-5-54 | 23-8-54 | 23-8-54 | 25-9-54 | भारतीय आय कर (संशोधन) अधिनियम, 1954 (1954 का 33) |
| 9. | केंद्रीय उत्पाद और नमक (संशोधन) अध्यादेश, 1954 (1954 का 9) | 30-7-54 | केंद्रीय उत्पाद शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 में संशोधन करना। | 22-5-54 | 23-8-54 | 23-8-54 | 28-9-54 | केंद्रीय उत्पाद शुल्क और नमक (संशोधन) अधिनियम, 1954 (1954 का 34) |
| | | | **1955** | | | | | |
| 1. | आवश्यक वस्तु अध्यादेश, 1955 (1955 का 1) | 21-1-55 | जन-साधारण के हित में कतिपय वस्तुओं के उत्पादन, नियंत्रण, पूर्ति और वितरण तथा उनके व्यापार और वाणिज्य के नियंत्रण का उपबंध करना। | 24-12-54 | 21-2-55 | 21-2-55 | 1-4-55 | आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (1955 का 10) |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2. | अपहृत व्यक्ति (बरामद करना और वापस करना) चालू रखना अध्यादेश, 1955 (1955 का 2) | 30-5-55 | अपहृत व्यक्ति (बरामद करना और वापस करना) अधिनियम, 1949 को और अवधि के लिए चालू रखना। | 9-5-55 | 25-7-55 | 25-7-55 | 17-9-55 | अपहृत व्यक्ति (बरामद करना और वापस करना) चालू रखना अधिनियम, 1955 (1955 का 30) |
| 3. | औद्योगिक विवाद (अपीलीय अधिकरण) संशोधन अध्यादेश, 1955 (1955 का 3)[13] | 21-6-55 | औद्योगिक विवाद (अपीलीय अधिकरण) अधिनियम, 1950 में संशोधन करना। | 9-5-55 | 25-7-55 | 25-7-55 | 12-9-55 | औद्योगिक विवाद (अपीलीय अधिकरण) संशोधन अधिनियम, 1955 (1955 का 29) |
| 4. | भारतीय स्टेट बैंक (संशोधन) अध्यादेश, 1955 (1955 का 4)[14] | 23-6-55 | भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 में संशोधन करना। | 9-5-55 | 25-7-55 | 25-7-55 | 21-9-55 | भारतीय स्टेट बैंक संशोधन अधिनियम, 1955 (1955 का 33) |
| 5. | दिल्ली (भवन कार्य नियंत्रण) अध्यादेश, 1955 (1955 का 5) | 22-10-55 | दिल्ली में भवन कार्य नियंत्रण का उपबंध करना। | 1-10-55 | 21-11-55 | 21-11-55 | 28-12-55 | दिल्ली (भवन कार्य नियंत्रण) अधिनियम, 1955 (1955 का 53) |
| 6. | बीमा (संशोधन) अध्यादेश, 1955 (1955 का 6) | 1-11-55 | बीमा अधिनियम, 1938 में संशोधन करना। | 1-10-55 | 21-11-55 | 21-11-55 | 29-12-55 | बीमा (दूसरा संशोधन) अधिनियम, 1955 (1955 का 54) |
| 7. | लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) अध्यादेश, 1955 (1955 का 7) | 30-12-55 | लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 में संशोधन करना और 'ग' वर्ग राज्य शासन अधिनियम, 1951 में कतिपय अनुवर्ती संशोधन करना। | 24-12-55 | 15-2-56 | 15-2-56 | 1-3-56 | लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) अधिनियम, 1956 (1956 का 2) |

## 1956

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जीवन बीमा (आपात उपबंध) अध्यादेश, 1956 (1956 का 1) | 19-1-56 | जीवन बीमा कार्य के राष्ट्रीयकरण होने तक, जन हित में उसके प्रबंध ग्रहण का उपबंध करना। | 24-12-55 | 15-2-56 | 15-2-56 | 21-3-56 | जीवन बीमा (आपात उपबंध) अधिनियम, 1956 (1956 का 9) |
| 2. | मद्रास रेलयात्री सीमा-कर अध्यादेश, 1956 (1956 का 2)[15] | 25-1-56 | मद्रास राज्य में कतिपय रेलवे स्टेशनों से रेल द्वारा अस्थायी अवधि के लिए सीमा कर लगाने का उपबंध करना। | 24-12-55 | 15-2-56 | 15-2-56 | -शून्य- | -शून्य- |
| 3. | विक्रय-कर विधि विधिमान्यकरण अध्यादेश, 1956 (1956 का 3) | 30-1-56 | अन्तर्राज्यीय व्यापार अथवा वाणिज्य के दौरान वस्तुओं के विक्रय अथवा क्रय पर राज्यों के कर अधिरोपित करने, अथवा करों के अधिरोपण को प्राधिकृत करने वाले कानूनों को विधिमान्य बनाना। | 24-12-55 | 15-2-56 | 15-2-56 | 21-3-56 | विक्रय-कर विधि विधिमान्यकरण अधिनियम, 1956 (1956 का 7) |
| 4. | ट्रावनकोर-कोचीन विनियोग लेखानुदान अध्यादेश, 1956 (1956 का 4)[16] | 31-3-56 | ट्रावनकोर-कोचीन राज्य की संचित निधि से और में से वित्त वर्ष 1956-57 के एक भाग की सेवाओं के लिए कतिपय धनराशियों के आहरण का उपबंध करना। | 24-12-55 | 15-2-56 | 4-4-56 | 10-5-56 | ट्रावनकोर-कोचीन विनियोग लेखानुदान अधिनियम, 1956 (1956 का 20) |

[11] से [15] अध्यादेशों की अवधि समाप्त हो गई।

[16] अध्यादेश उस समय जारी किया गया जब लोक सभा का सत्र चल रहा था लेकिन राज्य सभा का सत्र नहीं चल रहा था और जब लोक सभा ने ट्रावनकोर-कोचीन विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 1956 पारित कर दिया था।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5. | हैदराबाद का स्टेट बैंक अध्यादेश, 1956 (1956 का 5) | 26-9-56 | हैदराबाद के स्टेट बैंक की शेयर पूंजी को भारतीय रिजर्व बैंक को स्थानान्तरित करना और उसके उचित प्रबंधन तथा उससे संबंधित अथवा उसके प्रासंगिक विषयों का उपबंध करना। | 15-9-56 | 14-11-56 | 14-11756 | 22-12-56 | हैदराबाद का स्टेट बैंक अधिनियम, 1956 (1956 का 79) |
| 6. | निष्क्रांत सम्पत्ति प्रशासन (संशोधन) अध्यादेश, 1956 (1956 का 6) [17] | 22-10-56 | निष्क्रांत सम्पत्ति प्रशासन अधिनियम, 1950 में संशोधन करना। | 15-9-56 | 14-11-56 | 14-11-56 | 28-12-56 | निष्क्रांत सम्पत्ति प्रशासन (संशोधन) अधिनियम, 1956 (1956 का 91) |
| 7. | विस्थापित व्यक्ति (प्रतिकर और पुनर्वास) संशोधन अध्यादेश, 1956 (1956 का 7)[18] | 22-10-56 | विस्थापित व्यक्ति (प्रतिकर और पुनर्वास) अधिनियम, 1954 में संशोधन करना। | 15-9-56 | 14-11-56 | 14-11-56 | 27-12-56 | विस्थापित व्यक्ति (प्रतिकर और पुनर्वास) संशोधन अधिनियम, 1956 (1956 का 86) |
| 8. | सड़क परिवहन निगम (संशोधन) अध्यादेश, 1956 (1956 का 8) [19] | 1-11-56 | सड़क परिवहन निगम अधिनियम, 1950 में संशोधन करना। | 15-9-56 | 14-11-56 | 14-11-56 | 28-12-56 | सड़क परिवहन निगम (संशोधन) अधिनियम, 1956 (1956 का 87) |
| 9. | लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) अध्यादेश, 1956 (1956 का 9)[20] | 8-11-56 | लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 में संशोधन करना। | 15-9-56 | 14-11-56 | 14-11-56 | 15-12-56 | लोक प्रतिनिधित्व (चौथा संशोधन) अधिनियम, 1956 (1956 का 72) |
| | | | **1957** | | | | | |
| 1. | विदेशियों विषयक विधि (संशोधन) अध्यादेश, 1957 (1957 का 1) | 19-1-57 | विदेशियों विषयक अधिनियम, 1946 और विदेशियों का रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1939 में संशोधन करना। | 23-12-56 | 18-3-57 | 18-3-57 | 2-4-57 | विदेशियों विषयक विधि (संशोधन) अधिनियम, 1957 (1957 का 11) |
| 2. | भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अध्यादेश, 1957 (1957 का 2) | 4-3-57 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1947 में संशोधन करना। | 23-12-56 | 18-3-57 | 18-3-57 | 29-3-57 | भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 1957 (1957 का 7) |
| 3. | जीवन बीमा निगम (संशोधन) अध्यादेश, 1957 (1957 का 3) | 20-4-57 | जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 में संशोधन करना। | 29-3-57 | 10-5-57 | 13-5-57 | 6-6-57 | जीवन बीमा निगम (संशोधन) अधिनियम, 1957 (1957 का 17) |
| 4. | औद्योगिक विवाद (संशोधन) अध्यादेश, 1957 (1957 का 4) | 27-4-57 | औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 में संशोधन करना। | 29-3-57 | 10-5-57 | 13-5-57 | 6-6-57 | औद्योगिक विवाद (संशोधन) अधिनियम, 1957 (1957 का 18) |
| 5. | आवश्यक सेवा अध्यादेश, 1957 (1957 का 5) [21] | 7-8-57 | कतिपय आवश्यक सेवाएं और सामान्य जन-जीवन बनाए रखने का उपबंध करना। | 1-6-57 | 15-7-57 | 8-8-57 | -शून्य- | -शून्य- |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6. | भारतीय रिज़र्व बैंक (संशोधन) अध्यादेश, 1957<br>(1957 का 6) | 31-10-57 | भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 में संशोधन करना। | 13-9-57 | 11-11-57 | 11-11-57 | 19-12-57 | भारतीय रिजर्व बैंक (दूसरा संशोधन) अधिनियम, 1957<br>(1957 का 48) |

## 1958

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सशस्त्र बल (असम और मणिपुर) विशेष शक्तियां अध्यादेश, 1958<br>(1958 का 1) | 22-5-58 | असम राज्य और मणिपुर संघ राज्यक्षेत्र के विक्षुब्ध क्षेत्रों में सशस्त्र बल के सदस्यों को कतिपय विशेष शक्तियां प्रदान करना। | 12-5-58 | 11-8-58 | 11-8-58 | 11-9-58 | सशस्त्र बल( असम और मणिपुर) विशेष शक्तियां अधिनियम, 1958<br>(1958 का 28) |
| 2. | दंड प्रक्रिया संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 1958<br>(1958 का 2) | 5-6-58 | दंड प्रक्रिया संहिता, 1898 में संशोधन करना। | 12-5-58 | 11-8-58 | 11-8-58 | 3-9-58 | दंड प्रक्रिया संहिता (संशोधन) अधिनियम, 1958<br>(1958 का 26) |
| 3. | श्रमजीवी पत्रकार (मजदूरी दर नियतन) अध्यादेश, 1958<br>(1958 का 3) | 14-6-58 | श्रमजीवी पत्रकारों के संबंध में मजदूरी की दरों के नियतन और उनसे संबंधित विषयों का उपबंध करना। | 12-5-58 | 11-8-58 | 11-8-58 | 16-9-58 | श्रमजीवी पत्रकार (मजदूरी दर नियतन) अधिनियम, 1958<br>(1958 का 29) |
| 4. | बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 1958<br>(1958 का 4) | 14-6-58 | बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय अधिनियम, 1915 में संशोधन करना। | 12-5-58 | 11-8-58 | 11-8-58 | 20-9-58 | बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 1958<br>(1958 का 34) |
| 5. | चीनी निर्यात वृद्धि अध्यादेश, 1958<br>(1958 का 5) | 27-6-58 | जन हित में चीनी का निर्यात करने और कतिपय परिस्थितियों में भारत में उत्पादित चीनी पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क के उद्ग्रहण और संग्रहण का उपबंध करना। | 12-5-58 | 11-8-58 | 11-8-58 | 16-9-58 | चीनी निर्यात वृद्धि अधिनियम, 1958<br>(1958 का 30) |
| 6. | खनिज तेल (अतिरिक्त उत्पाद-शुल्क और सीमा-शुल्क) अध्यादेश, 1958<br>(1958 का 6) | 30-6-58 | कतिपय खनिज तेलों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और सीमा-शुल्क के उद्ग्रहण और संग्रहण का उपबंध करना। | 12-5-58 | 11-8-58 | 11-8-58 | 4-9-58 | खनिज तेल (अतिरिक्त उत्पाद-शुल्क और सीमा-शुल्क) अधिनियम, 1958<br>(1958 का 27) |
| 7. | हिमाचल प्रदेश विधान सभा (गठन और कार्यवाहियां) विधिमान्यकरण अध्यादेश, 1958<br>(1958 का 7)[22] | 21-10-58 | हिमाचल प्रदेश और विलासपुर (नया राज्य) अधिनियम, 1954 के अन्तर्गत गठित नये राज्य हिमाचल प्रदेश की विधान सभा के गठन और उसकी कार्यवाही को विधिमान्य बनाना। | 1-10-58 | 17-11-58 | 17-11-58 | 30-12-58 | हिमाचल प्रदेश विधान सभा (गठन और कार्यवाहियां)विधिमान्यकरण अधिनियम, 1958<br>(1958 का 56) |

## 1959

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भारतीय आयकर (संशोधन) अध्यादेश, 1959<br>(1959 का 1) | 17-1-59 | भारतीय आयकर अधिनियम, 1922 में संशोधन करना। | 22-12-58 | 9-2-59 | 9-2-59 | 12-3-59 | भारतीय आयकर (संशोधन) अधिनियम, 1959<br>(1959 का 1) |
| 2. | सार्वजनिक वक्फ (परिसीमा विस्तारण) अध्यादेश, 1959<br>(1959 का 2) | 20-7-59 | सार्वजनिक वक्फ की भागस्वरूप अचल सम्पत्ति के कब्जे की प्राप्ति हेतु वादों के कतिपय मामलों में परिसीमा अवधि का विस्तारण करना। | 11-5-59 | 3-8-59 | 3-8-59 | 1-9-59 | सार्वजनिक वक्फ (परिसीमा विस्तारण) अधिनियम, 1959<br>(1959 का 29) |

[17] से [20] अध्यादेशों की अवधि समाप्त हो गई।

[21]अध्यादेश दूसरी लोक सभा के दूसरे सत्र के दौरान उस समय जारी किया गया, जब राज्य सभा का सत्र नहीं चल रहा था और लोक सभा ने अध्यादेश में सम्मिलित किए गए उपबंधों के साथ आवश्यक सेवा विधेयक, 1957 पारित कर दिया था। राष्ट्रपति ने 12 अगस्त, 1957 को अध्यादेश प्रतिसंहृत कर दिया।

[22]अध्यादेश की अवधि समाप्त हो गई।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3. | चीनी (विशेष उत्पाद शुल्क) अध्यादेश, 1959 (1959 का 3) | 25-10-59 | चीनी की कतिपय किस्मों पर विशेष उत्पाद शुल्क के अधिरोपण का उपबंध करना। | 15-9-59 | 16-11-59 | 16-11-59 | 24-12-59 | चीनी (विशेष उत्पाद शुल्क) अधिनियम, 1959 (1959 का 58) |
| | | | **1960** | | | | | |
| 1. | आवश्यक सेवा अध्यादेश, 1960 (1960 का 1)[23] | 8-7-60 | कतिपय आवश्यक सेवाएं और सामान्य जन-जीवन बनाये रखने का उपबंध करना। | 5-5-60 | 1-8-60 | 1-8-60 | -शून्य- | -शून्य- |
| | | | **1961** | | | | | |
| 1. | उत्तर प्रदेश गन्ना उपकर (विधिमान्यकरण) अध्यादेश, 1961 (1961 का 1) | 31-1-61 | उत्तर प्रदेश के कतिपय अधिनियमों के अधीन गन्ने पर उपकर के अधिरोपण और संग्रहण को विधिमान्य बनाना। | 26-12-60 | 14-2-61 | 14-2-61 | 21-3-61 | उत्तर प्रदेश गन्ना उपकर (विधिमान्यकरण) अधिनिमय, 1961 (1961 का 4) |
| 2. | बैंककारी कम्पनी (संशोधन) अध्यादेश, 1961 (1961 का 2) | 4-2-61 | बैंककारी कम्पनी अधिनियम, 1949 में संशोधन करना। | 26-12-60 | 14-2-61 | 14-2-61 | 24-3-61 | बैंककारी कम्पनी (संशोधन) अधिनियम, 1961 (1961 का 7) |
| 3. | चीनी (उत्पादन विनियमन) अध्यादेश, 1961 (1961 का 3) | 29-9-61 | जनसाधारण के हित में चीनी के उत्पादन का विनियमन और फैक्ट्रियों द्वारा विनियमन के प्रयोजनार्थ निर्धारित कोटे से अधिक उत्पादित चीनी पर विशेष उत्पाद शुल्क के उद्ग्रहण और संग्रहण का उपबन्ध करना। | 11-9-61 | 20-11-61 | 20-11-61 | 17-12-61 | चीनी (उत्पादन विनियमन) अधिनियम, 1961 (1961 का 55) |
| | | | **1962** | | | | | |
| 1. | अधिवक्ता (संशोधन) अध्यादेश, 1962 (1962 का 1) | 24-1-62 | अधिवक्ता अधिनियम, 1961 में संशोधन करना। | 12-12-61 | 12-3-62 | 12-3-62 | 30-3-62 | अधिवक्ता (संशोधन) अधिनियम, 1962 (1962 का 14) |
| 2. | गोवा, दमन और दीव (प्रशासन) अध्यादेश, 1962 (1962 का 2) | 5-3-62 | गोवा, दमन और दीव संघ राज्यक्षेत्र के प्रशासन और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करना। | 12-12-61 | 12-3-62 | 12-3-62 | 27-3-62 | गोवा, दमण और दीव (प्रशासन) अधिनियम, 1962 (1962 का 1) |
| 3. | भूमि अर्जन (संशोधन) अध्यादेश, 1962 (1962 का 3) | 20-7-62 | भूमि अर्जन अधिनियम, 1994 में और संशोधन करना और उस अधिनियम के अधीन किये गये कतिपय भूमि अर्जनों को विधिमान्य बनाना। | 23-6-62 | 6-8-62 | 6-8-62 | 12-9-62 | भूमि अर्जन (संशोधन) अधिनियम, 1962 (1962 का 31) |
| 4. | भारत रक्षा अध्यादेश, 1962 (1962 का 4) | 26-10-62 | जन-सुरक्षा और जनहित, भारत रक्षा तथा नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और कतिपय अपराधों के मामलों में अभियोग चलाने के लिए विशेष उपायों का उपबंध करना। | 9-9-62 | 8-11-62 | 8-11-62 | 12-12-62 | भारत रक्षा अधिनियम, 1962 (1962 का 51) |
| 5. | विदेशियों विषयक विधि (लागू होना और संशोधन) अध्यादेश, 1962 (1962 का 5) | 30-10-62 | विदेशियों का रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1939 और विदेशियों विषयक अधिनियम, 1946 को कतिपय ऐसे व्यक्तियों पर लागू करना जिन पर वह फिलहाल लागू नहीं था और विदेशियों विषयक अधिनियम, 1946 में और संशोधन करना। | 9-9-62 | 8-11-62 | 8-11-62 | 24-11-62 | विदेशियों विषयक विधि (लागू होना और संशोधन) अधिनियम, 1962 (1962 का 42) |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6. | भारत रक्षा (संशोधन) अध्यादेश, 1962 (1962 का 6) | 3-11-62 | भारत रक्षा अध्यादेश, 1962 में संशोधन करना। | 9-9-62 | 8-11-62 | 8-11-62 | 12-12-62 | भारत रक्षा अधिनियम, 1962 (1962 का 51) |
| 7. | कंपनी (संशोधन) अध्यादेश, 1962 (1962 का 7) | 3-11-62 | कंपनी अधिनियम, 1956 में और संशोधन करना। | 9-9-62 | 8-11-62 | 8-11-62 | 28-11-62 | कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 1962 (1962 का 43) |
| 8. | पाण्डिचेरी (प्रशासन) अध्यादेश, 1962 (1962 का 8) | 6-11-62 | पाण्डिचेरी के प्रशासन और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करना। | 9-9-62 | 8-11-62 | 8-11-62 | 5-12-62 | पाण्डिचेरी (प्रशासन) अधिनियम, 1962 (1962 का 49) |

## 1963

-शून्य-

## 1964

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) चालू रखना अध्यादेश, 1964 (1964 का 1)[24] | 2-4-64 | सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) विनियम, 1958 को और अवधि के लिए चालू रखना। | 22-12-63 | 10-2-64 | 3-4-64 | 9-5-64 | सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) चालू रखना अधिनियम, 1964 (1964 का 9) |
| 2. | कंपनी (संशोधन) अध्यादेश, 1964 (1964 का 2) | 5-7-64 | कंपनी अधिनियम, 1956 में और संशोधन करना। | 6-6-64 | 7-9-64 | 7-9-64 | 9-10-64 | कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 1964 (1964 का 32) |
| 3. | आवश्यक वस्तु (संशोधन) अध्यादेश, 1964 (1964 का 3) | 5-11-64 | आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और दण्ड विधि संशोधन अधिनियम, 1952 में और संशोधन करना। | 5-10-64 | 16-11-64 | 17-11-64 | 24-12-64 | आवश्यक वस्तु (संशोधन) अधिनियम, 1964 (1964 का 47) |

## 1965

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
